सत्यमेव जयते

# बिहार सरकार

# सामान्य प्रशासन विभाग

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचनाओं, संकल्पों, परिपत्रों, आदेशों आदि का संकलन

**[COMPENDIUM OF NOTIFICATIONS, RESOLUTIONS, CIRCULARS, ORDERS ETC. OF THE GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT]**

**(वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक संकलित)**

अमृत लाल मीणा भा०प्र०से०
मुख्य सचिव
AMRIT LAL MEENA, I.A.S
Chief Secretary

सत्यमेव जयते

बिहार सरकार
मुख्य सचिवालय, पटना-800 015
Government of Bihar
Main Secretariat, Patna-800 015
Tel. : 0612-2215804
E-mail : cs-bihar@nic.in

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक अद्यतन निर्गत अधिनियम, नियमों, संकल्पों, परिपत्रों एवं आदेशों का संकलन पुस्तक रूप तथा वेबसाईट पर ई-बुक प्रारूप- दोनों में प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। यह संकलन सामान्य प्रशासन विभाग के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों एवं कार्यालयों को कार्य निष्पादन एवं निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगा।

मुझे विश्वास है कि यह संकलन सभी विभागों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में अत्यन्त ही उपयोगी साबित होगा। इससे सरकारी विभागों एवं कार्यालयों के साथ-साथ सभी सरकारी सेवक भी लाभान्वित होंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के जिन पदाधिकारियों, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं आई0 टी0 प्रबंधक ने इस संकलन को मूर्त रूप देने में अपना मूल्यवान योगदान दिया है, उन्हें मैं धन्यवाद देता हूँ।

14/2/25

(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव,
बिहार

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

डॉ० बी० राजेन्दर, भा.प्र.से.
अपर मुख्य सचिव
सामान्य प्रशासन विभाग

बिहार सरकार

मुख्य सचिवालय, पटना-800015
दूरभाष - 0612-2216784

# प्राक्कथन

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत सरकारी अनुदेशों/परिपत्रों/संकल्पों आदि का संकलन पुस्तकाकार में वर्ष–1978 (दो खण्डों में), 2001 (दो खण्डों में) एवं 2010 (दो खण्डों में) प्रकाशित है। पुनः वर्ष 2010 से जुलाई, 2022 तक का संग्रहण वर्ष 2022 में (तीन खण्डों में) पुस्तक रूप तथा वेबसाईट पर ई-बुक प्रारूप– दोनों में प्रकाशित किया गया।

वर्ष 2022 से अबतक बहुत से महत्वपूर्ण अनुदेश/परिपत्र/संकल्प इस विभाग से निर्गत हुए हैं जिनका संकलन आवश्यक समझा गया। इस संकलन कार्य के लिए श्री सतीश कुमार तिवारी, अवर सचिव को प्राधिकृत किया गया।

वर्णित स्थिति में वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक के महत्वपूर्ण अनुदेश/परिपत्र/संकल्प आदि को पुस्तक रूप तथा वेबसाईट पर ई-बुक प्रारूप– दोनों में प्रकाशित किया जा रहा है। इस संकलन में विभिन्न विषयों यथा नियुक्ति/अनुकम्पा, संविदा नियोजन, विभिन्न आयोगों से संबंधित, वार्षिक गोपनीय अभ्युक्तियाँ, अनुशासनिक कार्रवाई, प्रोन्नति ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0, प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा, विभिन्न सेवा/संवर्ग से संबंधित, अधिनियम/नियमावली/विनियमावली, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रदत्त डिग्री/प्रमाणपत्र की अनुमान्यता, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी, आरक्षण, सार्वजनिक अवकाश, विविध परिपत्र, छपते– छपते से संबंधित अनुदेश/परिपत्र/संकल्प/अधिसूचना समाविष्ट हैं।

श्री सतीश कुमार तिवारी, अवर सचिव ने अपने मौलिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस संकलन कार्य को सम्पन्न किया है। इसके लिए वे प्रसंशा के पात्र हैं। इस कार्य में श्री प्रमोद कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं सुश्री जयश्री दास, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा भी सराहनीय सहयोग किया गया है।

इस कम्पेन्डियम को ऑनलाईन ई-बुक (searchable) प्रकाशित करने में श्री शकील अहमद, आई0 टी0 प्रबंधक एवं श्री संजय कुमार पाण्डेय, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की भी प्रशंसनीय भूमिका रही है।

इस संकलन के बारे में यदि कोई सुझाव हो अथवा इसमें कोई त्रुटि प्रतीत हो तो सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में सुझावों का स्वागत करेगा।

13.2.2025

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग

**(वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक संकलित)**